स्वयं सहायता समूह की महिलाओं का कार्यक्रम

सिंदरी (आवाज संवाददाता) : एसीसी सिंदरी, नगर निगम धनबाद तथा स्वालंबन प्रोजेक्ट के अंतर्गत टेलरिंग एवं अन्य कार्यों का प्रशिक्षण ले रहे स्वयं सहायता समूह की महिलाओं का एक कार्यक्रम दिशा सेंटर में आयोजित किया गया। नगर निगम के महापौर श्री चंद्रशेखर अग्रवाल इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थे। झारखंड सरकार द्वारा स्वयं सहायता समूह के महिलाओं द्वारा सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों के पोशाक के निर्माण का कार्य कराया जा रहा है। इस कार्य में एसीसी सिंदरी सीएसआर के अंतर्गत तथा नगर निगम द्वारा सहायता प्रदान की जा रही है । कार्यक्रम का संचालन सीएसआर अधिकारी श्री रवि निवास द्वारा किया गया। महापौर ने अपने संबोधन में महिलाओं का आत्मनिर्भर बनाने के लिए निगम तथा सरकार की योजनाओं का विस्तृतं ब्यौरा दिया । जियाडा के श्री सत्येंद्र कुमार ने भी अपने विचार रखें । सभी वक्ताओं ने सीएसआर कार्यक्रम की प्रशंसा की एवं इसे अनूठा बताया। क्रिएटिव इंडिया रंजीत सिंह ने कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन दिया । मौके पर नगर निगम सिंदरी अंचल के प्रशासक श्री कुणाल सिंह, अर्चना कुमारी, जी एम (एच आर) श्री सुरेंद्र सिंह आदि उपस्थित थे।